न्यायालय सहायक कलक्टर (उपखण्ड अधिकारी) शिवगंज (सिरोही)

बइजलास श्री नीरज मिश्र, R.A.S

वादी

1.महिपालसिंह पुत्र गणपतसिंह
2.प्रवीणसिंह पुत्र गणपतसिंह
3.उत्तमसिंह पुत्र गणपतसिंह
4.इन्द्र कुंवर पत्नि गणपतसिंह
5.गोविन्दसिंह पुत्र चतरसिंह
सर्वजातियान राजपुत, निवासीयान
अरठवाडा, तहसील शिवगज।

विद्वान अधिवक्ता श्री दिनेश जोशी

बनाम

प्रतिवादीगण

1.जालमसिंह पुत्र सुल्तानसिंह
2.परबतसिंह पुत्र जालसिंह
3.मनोहर कुंवर पत्नि नारायणसिंह
जातियान राजपूत, निवासीयान
अरठवाडा, तहसील शिवगंज।
4.राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार
शिवगंज ।
5.आशा कुंवर उर्फ निर्मल कुंवर पत्नी दिग्विजय सिंह राजपूत निवासी मोकलसर तह0 बाडमेर
6.पुष्पेंद्रकुंवर पत्नी धनश्यामसिंह जाति राजपूत निवासी जोधपुर

विद्वान अधिवक्ता श्री नरपतसिंह देवडा
प्रतिवादी सं0 1,2,5,6

राजस्व वाद अन्तर्गत धारा 53, 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955

राजस्व वाद संख्या 187/2013

—:निर्णयः—

दिनाक 27.11.2024

इस न्यायालय द्वारा जारी प्राथमिक डिक्री कमांक 392 दिनांक 19.06.2024 की अनुपालना में तहसीलदार शिवगंज ने जरिये पंत्राक/कोर्ट/2024/448 दिनाक 30.07.2024 से वादग्रस्त भूमि **मौजा अरठवाडा** तह0 शिवगंज के **खसरा नम्बर 377, 378, 188, 402 रकबा कमशः 13.4194, 0.5018, 2.0639, 2.4929 हेक्टयर कुल किता 4 कुल रकबा 18.478 हैक्टयर** भूमि का विभाजन कर बंटवाडा प्रस्ताव मय नजरी नक्शा पेश किया जिसका वादी व प्रतिवादी अधिवक्ता को अवलोकन करवाया गया जिसमें उभय पक्षकारान द्वारा सहमति प्रदान की गई।

अतः उल्लेखित व विवेचित तथ्यो के परिणाम स्वरूप वादी का वाद विरूद्व प्रतिवादीगण को कतिपय प्रावधानों तथा मौके व रेकर्ड अनुसार वादग्रस्त भूमि का वाद पक्षकारों के हक हिस्सा के आधार पर बंटवाड प्रस्ताव तथा नजरी नक्शा तैयार कर पेश किया जो वाद पक्षकारों का हक हिस्सा अनुसार होने से स्वीकार कर अनुमोदित किया जाता है। डिक्री किया जाता है। तहसीलदार शिवगंज को संलग्न बंटवाड प्रस्ताव व नजरी नक्शा के अनुसार राजस्व रेकर्ड मे अमल दरामद करने का आदेश दिया जाता है। **तहसीलदार शिवगंज द्वारा पेश बंटवाड प्रस्ताव तथा नजरी नक्शा इस निर्णय का अभिन्न अंग माना जायेगा।** पक्षकारान खर्चा अपना अपना वहन करेगे। मार्फिक निर्णय डिक्री पर्चा मुर्तिब हो। निर्णय खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

आज दिनाक 27.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

(नीरज मिश्र)
सहायक कलक्टर (एस.डी.ओ.)
शिवगंज
सहायक कलक्टर
शिवगंज (सिरोही)

दिनांक 27.11.2024

कमांक/कोर्ट/2024/ 607
प्रतिलिपि पालनार्थः—
तहसीलदार, शिवगंज।

Signature Not Verified

Digitally signed by Neeraj Mishra
Date: 2025.10.09 17:22:47 IST
Reason: SelfAttested

सहायक कलक्टर (एस.डी.ओ.)
शिवगंज
सहायक कलक्टर
शिवगंज (सिरोही)